लापरवाही | **अत्याधुनिक फीचर से थे लैस, नहीं लिया गया काम**

सोलर डस्टबिन हुए हवा, शहर में फैली गंदगी

जबलपुर, नवभारत। शहर के पॉश इलाकों में से एक राइट टाउन और नेपियर टाउन में आज से लगभग दस वर्षों पहले स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर की सफाई व्यवस्था को नया स्वरूप देने लगभग 25 सोलर डस्टबिन खरीदे गए थे, जो अब गायब हो चुके है। अत्याधुनिक फीचरो से लैस इन डस्टबिनो की खासियत यह थी कि इन सोलर कॉम्पेक्टर डस्टबिन में रिसाइकेबल, नॉन रिसाइकेबल कचरे के अलावा अन्य प्रकार का कचरा प्रोसेस करने के लिए भी 3 हिस्से बने थे। इसके साथ ही डस्टबिन भरने के बाद कचरा न फैले इसके लिए सेंसर लगाने का दावा किया गया था। सेंसर से सूचना मिलने के बाद सोलर कॉम्पेक्टर से ऑटोमैटिक कचरा नीचे प्रेस होता रहे इसका भी प्रबंध किया गया था और आसपास बदबू न फैले इसके लिए भी ऑटोमैटिक स्प्रे सिस्टम लगाने का दावा किया गया था। लेकिन हकीकत में



इनमें से किया गया एक भी दावा पूरा नहीं हो सका है।

विज्ञापन बोर्ड बने डस्टबिन

शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाए गए सोलर डस्टबिन जनता के काम न आकर विज्ञापन बोर्ड में तब्दील हो गए थे। सूत्रों कि माने तो लगभग 6 लाख रुपए प्रति सोलर डस्टबिन को 25 प्राइम लोकेशन पर लगाए गए थे। हालांकि प्रस्ताव तो 50 डस्टबिन का था मगर पहले चरण में सिर्फ 25 डस्टबिन मंगाए गए थे। जिम्मेदारों द्वारा वादा किया गया था कि आम जनता को विभिन्न फायदे दिए जाएंगे। लेकिन एक भी फायदा जनता को नहीं मिल सका है। जानकारों के मुताबिक विगत कुछ सालों पहले तक तो ये अपनी जगह पर लगे थे। बाद में ये कहां गायब होगा किसी को नहीं मालूम चला।

मिलनी थी ये सुविधाएं

सूत्रों के मुताबिक इन सोलर डस्टबिन को न तो स्मार्ट सिटी के कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से कनेक्ट किया गया और न ही एक में भी मोबाइल फोन चार्जर, वाई-फाई की सुविधा दी गई। इन सोलर डस्टबिन में एक चिप लगानी थी जो नेटवर्किंग का काम करती, जिससे जीपीएस कनेक्ट होता ताकि कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तक कचरा भरने की सूचना मिलते ही इसे खाली कराया जा सकता था। लेकिन अफसोस शुरू दिन से यह डस्टबिन खुद कचरे में तब्दील हो गए थे।

इनका कहना है

अगर शहर में विकास के लिए कोई भी उपकरण या प्लांट लगाए जाते है तो प्रशासन को इनपर ध्यान देना चाहिए।

जीत वाल्मीक

ये सोलर डस्टबिन अच्छी कंडीशन में होते तो शहर में यहां वहां कचरा नहीं फैला रहता। निगम को ध्यान देना चाहिए।

मनोज मिश्रा

3 दिन रहेगा यातयात परिवर्तित

जबलपुर । 23 अगस्त को मदनमहल चौक से दमोहनाका तक फ्लाईओव्हर का लोकार्पण कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम गुलजार होटल के सामने सड़क पर किया जाना है। लोकार्पण कार्यकम के लिये कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थायें 20 अगस्त से प्रारम्भ हो चुकी है, जिसके कारण इस मार्ग से जाने वाले वाहनो के लिए 20 से 23 अगस्त तक मार्ग परिवर्तित रहेगा। जिसमें छोटीलाईन चौक से मेडीकल की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन बंदरिया तिराहे ग्रेनेड चौक, शक्तिभवन होकर डीआईजी कार्यालय से शक्तिनगर चौराहा एलआईसी होकर मेडीकल की तरफ जा सकते है। छोटीलाईन चौक की तरफ जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन मदनमहल चौराहे से घूमकर एलआईसी तिराहे से शक्तिनगर चौराहे से डीआईजी कार्यालय, ग्रेनेड चौक, वंदरिया तिराहे होकर सदर बाजार की ओर या मदनमहल स्टेशन अण्डर ब्रिज से शहर की ओर जा सकते है। इसके साथ ही मेडीकल की तरफ से आने वाले सभी प्रकार के वाहन एलआईसी से शक्तिनगर चौराहा से डीआईजी कार्यालय के सामने से ग्रेनेड चौराहा से बंदरिया तिराहे से होकर सदर बाजार एवं शहर की तरफ जा सकेगे।

फर्जी मूंग खरीदी में एनसीएमएल कंपनी की भूमिका संदिग्ध

पूर्व में भी उक्त कंपनी का घोटाला हुआ है उजागर

नवभारत, जबलपुर। जिले में एमएलटी वेयरहाउस के बसेड़ी समिति में हुई फर्जी मूंग खरीदी मामले में उक्त मूंग को पास करने वाली सर्वेयर एजेंसी एनसीएमएल कंपनी की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। उल्लेखनीय है कि अधिकारियों द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह बात स्पष्ट हो रही है कि बिना मूंग लाई ही उसकी एंट्री कर दी गई। विदित है कि मूंग को एंट्री के पहले सर्वेयर द्वारा पास किया जाता है। जब सर्वेयर अपनी

लॉगिन आईडी खोलकर उक्त रजिस्ट्रेशन को ओपन करता है और उसमें संबंधित मात्रा को पास करता है। तभी उसमें समिति का ऑपरेटर एंट्री कर सकता है, ऐसे में सवाल उठता है कि क्वालिटी का काम देखने वाले एनसीएमएल कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा कैसे बिना लाए हुए ही सिर्फ कागजों पर मूंग को पास कर दिया गया..? इसके बाद उसकी फर्जी एंट्री हुई है, इस पूरे मामले में कंपनी की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में भी उक्त कंपनी द्वारा कई जिले में मूंग खरीदी में कंपनी की गतिविधियां संदिग्ध रही है। उक्त कंपनी ने नर्मदापुरम और हरदा में करोड़ों रुपए की अमानक मूंग की खरीदी कर ली थी। इसके अलावा विदिशा में भी सर्वेयर द्वारा मूंग खरीदी के लिए रिश्वत भी मांगने का आरोप लग चुका है।

2023 में भी सर्वेयर बदलने हुई थी मांग

गौरतलब है कि तत्कालीन जिला विपणन अधिकारी ने वर्ष 2023 में म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. भोपाल में महाप्रबंधक (उपार्जन दलहन) को पत्र लिखकर ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द खरीदी में सर्वेयर उपलब्ध कराने मांग की थी। उन्होंने पत्र में बताया था कि वर्ष 2022 में जिले में 18 केंद्रों में खरीदी की गई थी। जिसमें खरीदी के लिए एनसीएमएल कम्पनी द्वारा सर्वेयर उपलब्ध कराए गए थे। लेकिन सर्वेयरों को खरीदी के मापदंडों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं रहती है। एनसीएमएल कम्पनी के सर्वेयरों द्वारा पहले अनाज की गुणवत्ता को मापदण्ड के अनुसार स्वीकृत कर दिया जाता है, फिर बाद में उसी अनाज की गुणवत्ता को अस्वीकृत कर दिया जाता है। जिससे उन्हें किसी और कंपनी के सर्वेयर उपलब्ध कराए जाएं। इस पत्र से यह भी बात सामने आ रही है कि उक्त कंपनी के सर्वेयरों को मूंग खरीदी में गुणवत्ता का कोई ज्यादा जानकारी नहीं है।

तीन सर्वेयरों को किया नियुक्त

सूत्रों के अनुसार इस केंद्र पर एनसीएमएल कंपनी द्वारा एक-एक करके तीन सर्वेयरों को नियुक्त किया गया था, पहले एक सर्वेयरों को लगाया गया, कुछ दिन के बाद दूसरा सर्वेयर भेज दिया गया। फिर विवाद की स्थिति निर्मित हुई तो तीसरे सर्वेयर को भेज दिया गया। ऐसे में किसी एक सर्वेयर पर जिम्मेदारी निर्धारित नहीं हो पा रही है।

इनका कहना है

बसेड़ी समिति की फर्जी मूंग खरीदी मामले में जांच की जा रही है, जिसमें समिति प्रबंधक, ऑपरेटर, वेयरहाउस संचालक, सर्वेयर सभी जांच के दायरे में हैं। जांच के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

हीरेंद्र रघुवंशी, डीएमओ

प्लाट दिलाने के नाम पर हड़पे 13 .54 लाख

जबलपुर। जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) का प्लाट दिलाने के नाम पर जालसाज ने 13 लाख 54 हजार रूपए हड़प लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली। आरोपित पूर्व में भी कईयों को जेडीए प्लाट दिलाने नाम पर धोखाधड़ी कर चुका है और जेल जा चुका हैं। लार्डगंज पुलिस के मुताबिक कंचन दीक्षित पिता स्व. कैलाशनाथ दीक्षित 50 वर्ष निवासी पुरानी चरहाई फूल मण्डी लार्डगंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वर्ष 2021 में पड़ोसी अंशु सेन एवं ऋषि साहू एवं भानू जैन के माध्यम से उसकी और सविता पाण्डेय की पहचान गुरूमूर्ति निवासी सर्वोदयनगर उजारपुरवा से हुई। जिसने उसे और सविता पाण्डेय को जबलपुर विकास प्राधिकरण स्कीम न. 6 जबलपुर में प्लाट दिलाने के आश्वासन दिया गुरूमुर्ति द्वारा प्लाट ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कराया और कुल राशि 41,44,000 रूपये जमा कराये जाने की पावती रसीद माँगी गई तो गुरूमुर्ति द्वारा प्रदान की गई रसीद में कुल राशि 118 रूपये एवं शब्दों में बीस लाख बहत्तर हजार रूपये दो अलग अलग रसीद एक ज्योति दीक्षित एवं सविता पाण्डेय के नाम पर दिया एवं गुरूमुर्ति द्वारा प्लाट के आबंटन के लिए अधिकारियों को प्लाट की फाईल आगे बढाने 1,10,000 रूपए नगद दिए गए।कुल राशि 42,54,000 लेने के बाद भी न तो प्लाट आबंटन कराया और न ही रजिस्ट्री कराई। जब पीड़ित ने थाने में शिकायत को कहा तो गुरूमूर्ति ने सविता पाण्डेय को 18,00,000 रूपये किश्तो में दिये और रिपोर्टकर्ता को 11,00,000 रूपये भी किश्तो में लौटाया है, लेकिन शेष 13,54,000 रूपए नहीं दिए जिसे हड़प गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बिना मीटर रीडिंग के भेजे जा रहे एवरेज बिल

जबलपुर। पूर्व क्षेत्र वि.वि.कंपनी के अंतर्गत उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग के आधार पर ही बिल जारी किये जा रहे है। शहरी क्षेत्र के कुल उपभोक्ताओं के मात्र 1 प्रतिशत से भी कम के मीटर वर्तमान में जले एवं बंद/ खराब है। ऐसे बंद/ खराब मीटरों को भी एक से दो बिलिंग सायकल के अंदर बदलने के प्रयास किये जाते है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के गैर घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं के मात्र 1 प्रतिशत से कम मीटर जले एवं बंद/खराब है। ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू उपभोक्ता के खराब मीटरों की संख्या अधिक है। मीटर जलने एवं बंद/खराब होने तथा उन्हें बदले जाना एक निरंतर प्रक्रिया है। कंपनी के पास पर्याप्त संख्या में मीटर उपलब्ध है। लगातार जले एवं बंद/खराब मीटरों को बदलने की कार्यवाही की जा रही है।

महिला पर्यवेक्षक की नियुक्तियां याचिका के अधीन

हाईकोर्ट ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

जबलपुर। महिला एव बाल विकास विभाग में महिला पर्यवेक्षकों की नियुक्तियों में अभ्यर्थियों को मनमाने ढंग से बोनस अंक दिये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस एम एस भट्टी की एकलपीठ ने नियुक्तियों को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रखते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जबलपुर निवासी के एम वैशाली की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि महिला एव बाल विकास विभाग के साल 2024 में विभिन्न पदो के लिए 800 से अधिक पदो के लिए सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। कर्मचारी चयन बोर्ड के द्वारा 28 फरवरी 2025 को प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसका रिजल्ट 19 जून 2025 को जारी किया गया था। परीक्षा में याचिकाकर्ता को 99 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे,इसके बावजूद भी उसका चयन तथा प्रतीक्षा सूची में नाम नहीं था।

पत्नी, पुत्र व पुत्रवधू को तीन-तीन साल की सजा, दस-दस हजार का जुर्माना

प्रवर्तन निर्देशालय (ईडी) के विशेष न्यायाधीश इरशाद अहमद की अदालत ने कंट्रोलर आफ डिफेंस अकाउंट, सीडी, जबलपुर में पदस्थ रहे सुख सागर वैली गौरीघाट निवासी सहायक लेखाधिकारी सूर्यकांत गौर की पत्नी विनिता गौर, पुत्र शिशिर गौर व पुत्रवधु सुनीता गौर को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में दोषी करार दिया है। इसी के साथ पत्नी विनिता गौर, पुत्र शिशिर गौर व पुत्रवधु सुनीता गौर को तीन-तीन साल की सजा सुनाई गई, साथ ही तीनों पर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। मुख्य आरोपित सूर्यकांत गौर का मामले के विचारण के दौरान निधन हो चुका है। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक विक्रम सिंह ने पक्ष रखा।

मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने की छापामार कार्यवाही

जबलपुर। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के निर्देशन में जबलपुर मण्डल पर यात्रियों को ट्रेनों में अधिक भीड़ के दौरान आरामदायक यात्रा के उद्देश्य से समय-समय पर यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों में टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी मे जबलपुर रेलवे स्टेशन पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने के नेत्रत्व मे चल टिकट निरीक्षकों एवं खान-पान निरीक्षक की टीम द्वारा बुधवार को जबलपुर स्टेशन पर औचक

निरीक्षण किया गया, टिकट चेकिंग स्टॉफ के सहयोग से चलाये गए इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जाँच के स्टेशन के बाहर न जा सकें। इस जांच मे आरपीएफ़ बल भी उपस्थित था।

लगाया गया जुर्माना

जबलपुर रेल मंडल में चलती गाड़ियों में यात्रियों को मिलने वाले खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच करने के लिए श्री सोने की टीम ने जबलपुर स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में अचानक छापे मार कार्यवाही की, इस दौरान वाणिज्य विभाग की टीम ने अपने निरीक्षण में यात्री गाड़ियों के रसोई यान में पहले से उपलब्ध तथा एकत्रित की गई खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच करते हुए यात्रियों से उचित मूल्य से अधिक राशि लेने की भी जांच की गई।

जंगल में मिली युवक की लाश

जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत ग्राम बींझा जंगल में एक युवक की लाश पड़ी मिली। मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका पता नहीं चल सका हैं पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक किशोर सिंह 70 वर्ष निवासी बरगी नगर ने सूचना दी कि वह सिंचाई विभाग से रिटायर हैं बुधवार दोपहर लगभग 01:15 बजे जंगल में अज्ञात मृतक उम्र लगभग 30-35 वर्ष का शव मिला। लगभग 8-10 दिन पुराना लग रहा है।

विश्वविद्यालय में पारदर्शिता और छात्र हितों की रक्षा की मांग

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में व्याप्त विभिन्न अनियमितताओं और लगातार परीक्षाओं में की जा रही गड़बड़ी तथा प्रदेश मे छात्र संघ चुनाव की मांग के संबंध में एनएसयूआई ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार को ज्ञापन सौंपा। छात्रनेता अनुराग शुक्ला व शफी खान ने कहा कि छात्र-छात्राओं को हर मामले में परेशान होना पड़ रहा है शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक व छात्रावास जैसी मूलभूत व बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय

द्वारा परीक्षाओं में लगातार गड़बड़ी,परिणामों में देरी और छात्रों के हितों की अनदेखी की जा रही है विश्वविद्यालय द्वारा पिछले 1 वर्ष से घोषित विभिन्न परीक्षा परिणामों में लगातार गड़बड़ी सामने आ रही है। एनएसयूआई ने ज्ञापन में छात्र संघ चुनाव आयोजित करने की मांग की है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष छात्र संघ चुनाव कराए जाने का प्रावधान है परंतु पिछले 8 वर्षों से मध्यप्रदेश मे छात्र संघ चुनाव नहीं हुए? है, जबकि छात्रो से छात्रसंघ शुल्क वसूला जाता है। छात्र संघ चुनाव आयोजित कराए जाने से छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास, अपने अधिकारों के प्रति सजगता का विकास, तथा राजनीतिक चेतना का विकास होता है। इस मौके पर अदनान अंसारी, प्रतीक गौतम, सक्षम यादव, एजाज अंसारी,मो.वकार, अंकित कोरी, युग ठाकुर आदि मौजूद थे।

सुधर जाओ वरना सीधे एनएसए, जिलाबदर की होगी कार्रवाई

340 गुंडों की परेड प्रोफाईल, फोटो अपडेशन चैक किया

जबलपुर। थानों में लिस्टिड गुण्डा एवं निगरानी बदमाशों की सामूहिक गुंडा परेड कराई गई। पुलिस लाईन में आये 340 लिस्टिड गुण्डा बदमाश एवं निगरानी बदमाशों को हिदायत कि यदि कोई भी अनैनितक गतिविधि को अंजाम दिया तो खैर नहीं। पूर्व आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए सीधे जिला बदर, एनएसए की कार्यवाही की जायेगी। दरअसल पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा अपराधों की रोकथाम और शांति

व्यवस्था बनाये रखने थानों में लिस्टिड गुण्डा बदमाश एवं निगरानी बदमाशों को पुलिस लाईन में सामुहिक रूप से बुला गया और सभी की प्रोफाईल एवं फोटो अपडेशन आदि चैक किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में समस्त नगर पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी शहर के थाना प्रभारियों के द्वारा थाने में लिस्टिड 340 गुण्डा बदमाश एवं निगरानी बदमाश को पुलिस लाईन बुलाया गया था।

जेल में बंद कुख्यात बदमाश ने अस्पताल में करवाई थी बमबाजी

जबलपुर। विजय नगर थाना अंतर्गत मेडीजोन अस्पताल में बमबाजी करने वाले बालक समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों तक सीसीटीव्ही कैमरों के जरिए पहुंची। पूछताछ में यह बात सामने आई कि आर्म्स एक्ट प्रकरण में जेल भेजे गए कुख्यात बदमाश के कहने पर आरोपियों ने बमबाजी की थी। पुलिस ने बताया कि प्रमोद कुमार मिश्रा 45 वर्ष निवासी त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेडीजोन अस्पताल विजय नगर में सीईओ के पद पर कार्यरत है 17 अगस्त को रात लगभग 10-20 बजे 3 अज्ञात लड़के एक स्कूटर में बैठकर आये थे जो सुअरमार बम फैंक भाग गये। सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर पुलिस ने विजय नगर क्षेत्र में घूम रहे आरोपी अमन चक्रवर्ती निवासी गुप्तेश्वर एवं रोहित झारिया गोरखपुर एवं एक बालक को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर अभिषेक दुबे के कहने पर दहशत फैलाने के उद्देश्य से मेडिजोन अस्पताल में बम फैंकना स्वीकार किये।

ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, चालक की मौत

जबलपुर। कुंडम थाना अंतर्गत लभेर नदी मुंगेहरा घाट के उपर खेत में जुताई करते समय ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मनीष सिंह निवासी ग्राम गौरी ने सूचना दी कि वह खेती किसानी का काम करता है सुबह लगभग 10 बजे पिता प्रताप सिंह बरकडे गांव में रहने वाले गब्बी मरावी के खेत में ट्रैक्टर से जुताई करने के लिये गये थे। लभेर नदी मुंगेहरा घाट के उपर खेत में ट्रेक्टर से जुताई करते समय लगभग 12/45 बजे ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर मुंगेहरा घाट में नीचे तरफ पलट गया ट्रेक्टर पलटने से पिता प्रताप सिंह ट्रेक्टर के नीचे दब गये। दबने से उन्हे सिर, सीना एव कान में चोटे आई पिता को सीएचसी कुण्डम लाये जहाँ पर डॉक्टर ने चेक पिता प्रताप सिंह बरकडे 50 वर्ष को मृत घोषित कर दिया।

ब्रिज के ऊपर पिकअप सुधार रहे दो मिस्त्री को ट्रक ने कुचला

सिहोरा थाना अंतर्गत मझौली बायपास ब्रिज के ऊपर पिकअप सुधार रहे ट्रक ने दो मिस्त्री को कुचल दिया। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आ गई जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक राहत शाह निवासी वार्ड नं 01 नया मोहल्ला सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी फोरव्हीलर की गैरिज बाहनाला के पास है, पिकअप क्रमांक एमपी 04 जीबी 4091 जो मझौली बायपास ब्रिज के ऊपर खराब हो गयी थी, जिसे सुधारने के लिए निखिल सफेरा, एवं अरबाज शाह दोनों निवासी नया मोहल्ला सिहोरा गये थे, ट्रक क्रमांक डीएल 1 एलएक्स 0137 का चालक लक्ष्मीकांत बर्मन तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाकर दोनों को टक्कर मार दी।

23 को लोकार्पण | **लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने किया निरीक्षण, फ्लाईओवर के नीचे 50 हजार पौधों का रोपण**

मदनमहल-दमोह नाका फ्लाईओवर शहर के लिये बड़ी सौगात

नवभारत, जबलपुर। प्रदेश के सबसे लंबे फ्लाई ओवर का लोकार्पण 23 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भव्य समारोह में जनता को समर्पित करेंगे।

जिसके लिए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ फ्लाइओवर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि लगभग 1052 करोड़ रुपये की लागत से बना मदन महल-दमोह नाका फ्लाई ओवर मध्यप्रदेश का सबसे लंबा फ्लाईओवर तो है ही यह अकेला ऐसा प्रोजेक्ट भी है जिसमें केंद्रीय सड़क निधि से समूचे देश में सबसे ज्यादा राशि स्वीकृत की गई है।

फ्लाई ओवर में मदन महल रेलवे स्टेशन के ऊपर 193.5 मीटर लंबा केवल स्टे ब्रिज बनाया गया है। यह देश मे किसी रेल लाइन के ऊपर बना अब तक का सबसे लंबा केवल स्टे ब्रिज है। इसके साथ ही यह देश का ऐसा पहला फ्लाई ओवर भी है जिसमें दो एलिवेटेड रोटरी बनाई गई हैं। पर्यावरण सरंक्षण हेतु 50 हजार

पौधों का रोपण किया गया है। साथ ही इसके नीचे बास्केटबॉल कोर्ट, ओपन जिम, बच्चों के लिये पार्क बनाये गये हैं। पूरे फ्लाई ओवर में दस स्थानों पर दिशा सूचक बोर्ड लगाये गये हैं। फ्लाई ओवर में तीन बो स्ट्रिंग ब्रिज बनाये गये हैं। इनमें दो रानीताल चौराहे पर और एक बो स्ट्रिंग ब्रिज एक बलदेवबाग चौराहे पर बनाया गया है। इनकी लंबाई लगभग 70 मीटर है।

लोकार्पण के तुरंत बाद खोल दिया जाएगा फ्लाईओवर

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि लोकार्पण के तुरंत बाद फ्लाईओवर को आवागमन के लिये खोल दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि दमोह नाका से मदन महल तक किसी भी वाहन से जाने में अभी 40 से 45 मिनट लगते हैं, फ्लाईओवर पर आवागमन शुरू हो जाने से यह दूरी 6 से 8 मिनट में तय हो जायेगी। निरीक्षण के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सर्व अशोक रोहाणी, सुशील कुमार तिवारी इंदु, नीरज सिंह एवं संतोष वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा के जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) राजकुमार पटेल, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज, पूर्व मंत्री शरद जैन, कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव, आदि भी मौजूद थे।

महापौर कार्यालय के सामने आज कांग्रेस पार्षद दल करेगा प्रदर्शन

नवभारत, जबलपुर। ठप्प पड़े विकास कार्य, महापौर मौन के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल का महापौर कार्यालय के समक्ष सांकेतिक धरना प्रदर्शन गुरूवार दोपहर 3 बजे आयोजित किया गया है। इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डु नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में विकास कार्य चाहे वो अन्य मद के हों, चाहे पार्षद मद के हों सभी निर्माण कार्य रूके हुये हैं। ठेकेदार और नगर सत्ता के आपसी झगड़े का भुगतान शहर को भुगतना पड़ रहा है।

आवश्यकता है

ऑफिस में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है:-

02 पद- (ऑफिस बॉय)

ऑफिस कार्य समय

1.सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक

2.शाम 4 से रात 10 बजे तक

संपर्क करें- नवभारत प्रेस, चौथापुल,